तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 अंडा के जनप्रतिनिधियों का किया विधानसभा भ्रमण





11 श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बना आस्था...




**खबर संक्षेप**

### 8 हजार नकद व चांदी के सिक्कों की चोरी, फरार आरोपियों की तलाश

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा में लगातार आपराधिक घटनाओं से आमजन में भय का माहौल व्याप्त है। हाल ही में गैरेज पारा स्थित अरिहंत किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने 24-25 फरवरी की रात पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर गल्ले में रखे लगभग 8 हजार रुपये तथा 7-8 चांदी के सिक्कों की चोरी कर ली। सुबह जब दुकान संचालक ने शटर खोला, तब चोरी की घटना का पता चला। मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात से ग्रामीणों में जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। दुकान संचालक प्रिंस जैन ने घटना की लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस बल कुसुमकसा पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। हालांकि शिकायत के 36 घंटे बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल सवार के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना भी सामने आई थी। बताया जा रहा है कि पीड़ित ग्रामीण दहशत के कारण थाने में शिकायत दर्ज नहीं करा सका। ग्रामीणों ने गांव में खुलेआम अवैध शराब और गांजा की बिक्री पर नाराजगी जताई है। गांव में नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। पंचायत स्तर पर वार्डों में बैठक कर अवैध कारोबार करने वालों को चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और गांव में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।

# साइबर जागरूकता, पाक्सो एक्ट एवं नशा मुक्ति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

■ विद्यार्थियों की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य को लेकर विद्यालय की पहल

ग्राम चंदखुरी में विद्यार्थियों की सुरक्षा, जागरूकता एवं उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आज हमारे विद्यालय में साइबर अवेयरनेस, पाक्सो एक्ट एवं नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, पालकों और शिक्षकों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, बाल संरक्षण कानून (पाक्सो एक्ट) तथा नशे की समस्या के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य गोपाल यादव उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक के.के. यदु, प्राचार्य सुश्री उषा यादव, वाइस प्राचार्य नरसिंह बारले, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पालकों की सक्रिय सहभागिता विद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज बच्चों की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति सजग है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बच्चों को सुरक्षित, जागरूक एवं नशामुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त किया।

### सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का लिया संकल्प



#### साइबर ब्रांच के एसआई ने दी जानकारी

कार्यक्रम में साइबर ब्रांच के एसआई द्वारा विस्तृत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फर्जी कॉल एवं लिंक से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही पाक्सो एक्ट के तहत बच्चों के अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के बारे में सरल एवं स्पष्ट जानकारी प्रदान की। साइबर ब्रांच की टीम द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पोस्टर एवं उदाहरणों के माध्यम से बच्चों, पालकों और शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

**बैठक 2 को : राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए 2 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**अभियान**

### जनभागीदारी से मजबूत हुआ टीबी मुक्त भारत का संकल्प

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू किए गए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान ने देश भर में क्षयरोग के खिलाफ एक मजबूत जनांदोलन का रूप ले लिया है। भारत को टीबी से पूरी तरह मुक्त करने के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य में स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों की भूमिका सबसे अहम साबित हो रही है। इस राष्ट्रीय अभियान में छत्तीसगढ़ राज्य ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, और इस सफलता की एक बहुत ही उज्ज्वल और प्रेरणादायक शुरूआत बालोद जिले में हो रही है।

इस अभियान की सबसे खास बात निक्षय मित्र की पहल है। समाज के सक्षम लोग, अधिकारी और संस्थाएं मरीजों को गोद ले रही हैं। मरीजों को नियमित रूप से पोषण कीट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके शरीर को बीमारी से लड़ने की ताकत मिल रही है। पंचायत स्तर पर मरीजों को न केवल मुफ्त इलाज

▸▸| शेष पेज 10 पर



#### पोषण आहार किट का विवरण

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु दिशा निर्देश दिए। भारत को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प के तहत जिला स्वास्थ्य समिति और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, बालोद द्वारा टीबी के मरीजों को कुपोषण से बचाने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करने के लिए उन्हें एक विशेष पोषण आहार किट प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं से आगे आकर नि–क्षय मित्र बनने और मरीजों की सहायता करने की अपील की गई है। टीबी के इलाज के दौरान मरीजों को उच्च प्रोटीन और पौष्टिक आहार की सख्त आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, जिला क्षय उन्मूलन केंद्र द्वारा एक मरीज के लिए निर्धारित मासिक फूड बास्केट में 06 प्रकार की पौष्टिक सामग्रियां शामिल की गई है। इस प्रकार एक फूड बास्केट का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 500 रूपए होता है, जो एक मरीज के लिए महीने भर का अतिरिक्त पोषण सुनिश्चित करता है।

#### 100 से अधिक पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा

जिले ने टीबी उन्मूलन की दिशा में बेहतर समर्पण दिखाया है, विगत वर्ष जिले की 72 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इस वर्ष जिले मे इस बार 100 से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में इन ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन द्वारा कड़ाई से सत्यापन का कार्य जारी है। जल्द ही आधिकारिक रूप से इन पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। सामुदायिक भागीदारी से टीबी के संभावित मरीजों की खोज कर रहे हैं। अब टीबी को छिपाने की नहीं, बल्कि सामने आकर इलाज कराने की बात हो रही है।


हरिभूमि
कार्यालय कांकेर में भर्ती
पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर
रिक्त पद
सीनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य
जूनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक
संपर्क करें - 7000955574



## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों के लिए 8 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्यों के लिए 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राम एवं ग्राम पंचायत कपसदा में दर्री तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु और इसी ग्राम पंचायत में बधानी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु 4-4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### 1 मार्च से प्रतिदिन होगा खटालों से गोबर संग्रहण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार द्वारा शहर को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल, पार्षद गुलाब वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की मौजूदगी में शहर के समस्त खटाल संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा खटाल क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में यह बात सामने आई कि कई खटाल संचालकों द्वारा गोबर को सड़कों एवं सार्वजनिक खाली स्थानों पर रखा जाता है तथा नालियों में बहा दिया जाता है, जिससे खटाल क्षेत्रों सहित आसपास के स्थानों में बदबू एवं गंदगी फैल जाती है। इस संबंध में शहर के नागरिकों ने महापौर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए यह बैठक आयोजित की गई। 1 मार्च से लागू होगी व्यवस्था उक्त प्रक्रिया का क्रियान्वयन 1 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने सभी संचालकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर दुर्ग शहर के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

### संत की शरण में सभी दुख दूर होते है : आचार्य नरेन्द्र शास्त्री

**दुर्ग।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ वर्धमान जैन धर्मशाला गवलीपारा में 1 मार्च तक आयोजित है, जिसमें पं. नरेन्द्र नयन शास्त्री ज्योतिषाचार्य कौशल प्रदेश द्वारा गुरू एवं संत के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरूदेव एवं संत की शरण में सभी दुख दूर होती है, बच्चों को बुरी संगत से दूर रखना चाहिये, बुरी संगत वालों का पूरा जीवन खराब हो जाता है, जहां स्वार्थ है वहां भगवान की प्राप्ति नहीं होती। राम चरित मानस की चौपाई कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उत्तरहिं पारा की व्याख्या करते हुए शास्त्री ने कहा कि कलयुग के मानव केवल नाम जप करके ही अपना उद्धार कर सकता है, कम से कम कलयुग में बच्चों का नाम भगवान के नाम पर रखना चाहिए। शास्त्री ने गुरू के संबंध में बताया कि जो हिसाबी व किताबी नहीं, वही भगवान से मिला सकता है। जीवन में सद्गुरू का होना अनिवार्य है और सदगुरू के आदेश का पालन करना चाहिए। गुरू बनाना सरल है पर शिष्य बनना बहुत कठिन है। शिष्य ध्रुव, प्रहलाद जैसे होने से सद्गुरू के रूप में नारद महाराज प्राप्त होते है, और नारद शिष्य को गोविंद से मिला देते है।

पेज 9 का शेष

### टीबी मुक्त ग्राम ...

मिल रहा है, बल्कि उन्हें यह अहसास भी दिलाया जा रहा है कि इस लड़ाई में वे अकेले नहीं हैं। घर–घर जाकर सर्वे करने और शुरुआती लक्षणों को पहचान कर तुरंत जांच कराने से संक्रमण को फैलने से रोका जा रहा है। जिले में कुल 07 टीबी मितान कार्यरत है। जो कि टीबी की दवाई से ठीक होकर गांव गांव में टीबी उन्मूलन हेतु जागरूकता का कार्य निरंतर कर रहे हैं। नि–क्षय मित्र योजना के तहत कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी रोगियों को गोद ले सकती है। जो भी व्यक्ति या संस्था इस पुनीत कार्य से जुड़ना चाहती है, वह टीबी इंडिया डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर नि–क्षय मित्र के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती है। इसके अलावा, योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल–फ्री नंबर 1800–11–6666 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

---

**आयोजन : प्रशिक्षण से कार्यकर्ता बनेंगे प्रखर और वैचारिक रूप से सशक्त**

# भाजपा का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की तैयारी को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की तैयारी को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न हुई।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कार्यकर्ता प्रशिक्षण के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी मशीन नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक देश के सभी ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग आयोजित किए जाएंगे। यह प्रत्येक वर्ग एक रात और दो दिन कुल 24 घंटे का होगा। मंडल स्तर के प्रशिक्षण के समापन के बाद 15 अप्रैल से जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग शुरू होंगे। इस बार के प्रशिक्षण मॉड्यूल को बेहद आधुनिक और व्यापक बनाया गया है।

7 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तर पर होंगे 24 घंटे के अभ्यास वर्ग

भाजपा प्रदेश के महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर होते है। विषय के अच्छे जानकार बनते है। भाजपा में प्रशिक्षिति कार्यकर्ता संगठन एवं सरकार के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते है। उन्होंने संवाद करते हुए सभी पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाया और संगठनात्मक अनुशासन व समर्पण को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही ने कहा कि कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मष्ठ, निष्ठावान एवं परिश्रमी होते है। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से 7 प्रमुख विषयों का चयन किया गया है, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पाटएॅ तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा, भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य–पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक सत्र। जिलास्तरीय वर्गों में 11 अलग–अलग विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। भारतीय जनता पाटएॅ का यह संकल्प है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन–जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 जिला प्रशिक्षण कार्यशाला जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में व जिला प्रशिक्षण महा अभियान टोली के सदस्य महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लूनिया, अश्वनी यादव, नंदकिशोर शर्मा, तोमन साहू, निशा योगी, के मार्गदर्शन में एवं जिला पदाधिकारी युवा मोर्चा महिला मोर्चा के सहयोग से सम्पन्न हुआ।





इस प्रशिक्षण कार्यशाला बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ के अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, बालोद जिला प्रभारी संध्या परगनिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, पवन साहू, कृष्णकांत पवार, प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, नरेश यदु, हरीश कटझरे, जितेंद्र साहू, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, प्रमोद जैन, सरस्वती टेमरिया, कमलेश सोनी, विनोद जैन, कमल पनपालिया, सहित जिले के मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष गण, मंडल की टोली सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## दल्ली राजहरा बाईपास को बजट में मिली मंजूरी, नगर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

**दल्ली राजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में दल्ली राजहरा बाईपास के प्रावधान को नगर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण घोषणा पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने विष्णु देव साय, अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति आभार व्यक्त किया है।

■ 17 किलोमीटर लंबी सड़क पर 81 करोड़ रुपये होंगे खर्च

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि बाईपास सड़क निर्माण से नगरवासियों को भारी वाहनों की लगातार आवाजाही, जाम और दुर्घटनाओं से बड़ी राहत मिलेगी। वर्षों से नगर और आसपास के क्षेत्रों की जनता इस समस्या से परेशान थी। छत्तीसगढ़ शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में दल्ली राजहरा के लिए लगभग 17 किलोमीटर लंबी बाईपास सड़क का प्रावधान किया है, जिसकी कुल लागत लगभग 81 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना में 10 प्रतिशत बीएसपी की भूमि, 7 प्रतिशत वन भूमि और 10 प्रतिशत भू-अर्जन क्षेत्र शामिल है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास के लिए सर्वे कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। प्रस्तावित बाईपास मार्ग दल्ली राजहरा और गोटूल मुंडा के बीच मुख्य मार्ग के समीप ग्राम चिखली जाने वाली सड़क से शुरू होकर चिखली–जमरूआ–साल्हे होते हुए ग्राम गुजरा के पास दल्ली–बालोद मुख्य मार्ग से जुड़ेगा। इससे नगर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह नियंत्रित हो सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लगातार निवेदन किया था कि नगर की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए बाईपास सड़क को शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं, धूल और प्रदूषण से नगरवासियों को राहत मिल सके। शासन द्वारा इस मांग को बजट में शामिल कर नगर को बड़ी सौगात दी गई है, जिससे दल्ली राजहरा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

---

## पीएमश्री स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला, सबलपुर में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक एवं समूह नृत्य के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू रहे। अध्यक्षता गंगा राम निषाद ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) बालोद अवन कुमार जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, सरपंच रेणु गायकवाड़, जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हिरेंद्र गायकवाड़, ग्राम प्रमुख तोमन लाटिया, प्राचार्य हाई स्कूल संबलपुर दयालु राम पीकेश्वर, प्रधानपाठक खेमन साहू एवं संकुल समन्वयक टोमन लाल मालेकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यअतिथि तोमन साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार में हर्ष। न्योता भोज का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सुश्री एनुका शार्वा (व्याख्याता) सहित शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंच संचालन चुन्नी लाल नेताम तथा व्यवस्थापन अनिल दिल्लीवार ने किया। अंत में प्रधानपाठक वीणा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों, पालकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से वार्षिक उत्सव सफल एवं स्मरणीय रहा।



---

## जनसमस्या निवारण शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने आज ग्राम कमकापार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के पूर्व ग्राम कमकापार के में स्थित मंगतुबाबा मंदिर में पूजा–अर्चना कर साफ–सफाई के कार्य की शुरूआत की।

■ मंगतुबाबा मंदिर में की पूजा–अर्चना, स्वच्छता और जल संरक्षण का दिया संदेश

इस दौरान उन्होंने मंगतुबाबा से कमकापार सहित संपूर्ण बालोद जिले के सुख, समृद्धि के लिए आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने मंदिर परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान ग्रामीणों एवं महिलाओं के द्वारा 'जल है तो कल है' तथा पौधरोपण एवं पानी के संरक्षण के संबंध में नारे भी लगाए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों के मांग पर मंगतुबाबा मंदिर परिसर में हाईमास्ट लाईट लगाने का आश्वासन दिया। कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने ग्राम कमकापार पहुंचकर सर्वप्रथम ग्रामीणों द्वारा नीर चेतना अभियान के अंतर्गत अपने घरों में निर्मित की जा रहे सोख्ता गड्ढे का अवलोकन भी किया। उन्होंने ग्राम कमकापार में जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किए जा रहे बेहतरीन कार्यों की सराहना की। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।





---

## भाजपा प्रशिक्षण कार्यशाला में यशवंत हुए शामिल



**बालोद।** प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुंबई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग में सात राज्यों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई, छत्तीसगढ के महामंत्री यशवंत जैन इसमें शामिल हुए, मुंबई के रंग शारदा परिसर में संपन्न इस कार्यशाला में, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दमन दीप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में 7 मार्च से देश भर में प्रारंभ होने वाले मंडल जिला, प्रदेशों के प्रशिक्षण महाअभियानों के 12 विषयों के बारे में पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया।

इस कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय संघटक वी सतीश ने मार्गदर्शन दिया। छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित 20 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

---

## जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक लेकर जिले में इस अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि सहित अन्य संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से जल संचयन के साथ इसके संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में जन भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस कार्य में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

■ रोपे पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित राज्य कार्यालय रायपुर से उपस्थित विषय विशेषज्ञों के अलावा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, उप संचालक कृषि व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों से जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा तालाब एवं कुएं निर्माण के संबंध में प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत निर्माण किए जाने वाले कुएं की सरंचना एक जैसी हो। मिश्रा ने इन कुओं में अवांछनीय पदार्थों के रोकथाम हेतु सभी कुओं में अनिवार्य रूप से जाली लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आम जनता को अपने–अपने घरों में अनिवार्य रूप से रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु प्रेरित करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मिश्रा ने कृषि विभाग के उप संचालक को किसानों को अपने–अपने खेतों में डबरी निर्माण के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी से स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में रोपे गए कुल पौधों की कुल संख्या एवं उनके सुरक्षा एवं देखरेख हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रोपे गए सभी पौधों की सुरक्षा एवं देखरेख की समुचित उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



---

**बाल विवाह रोकथाम, नशा उन्मूलन और जल संरक्षण की दिलाई शपथ**

# जनसमस्या निवारण शिविर में 201 आवेदन मिले,140 मौका पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के सीमा पर स्थित सुदूर वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम कमकापार में आज आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आज मांग से संबंधित 190 एवं शिकायत के 11 आवेदनों सहित कुल 201 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 140 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में अनेक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवनिर्मित आवासों के आवासपूर्णता प्रमाण पत्र मुकबधिर हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं दिव्यांग हितग्राहियों को छड़ी प्रदान करने के अलावा मत्स्य विभाग के योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मछली जाल, आईस बॉक्स प्रदान करने के साथ ही ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनओं से लाभान्वित किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में कहा कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों के बीच प्रशासनिक अमले की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उनकी वास्तविक जरूरतों, मांगों एवं समस्याओं से रूबरू कराने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के हित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शिविर में उपस्थित होकर इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मिश्रा ने मनुष्य के अलावा संपूर्ण जीव जगत के लिए पानी की उपयोगिता एवं महत्ता के संबंध में प्रकाश डालते हुए सभी लोगों को पानी का उपयोग सोच समझकर करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने आने वाले समय एवं भावी पीढ़ी की सुरक्षा के लिए सभी को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए मांगों एवं समस्याओं की जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर एवं विभागीय योजनाओं के माध्यम से हल किए जाने वाले मांगों एवं समस्याओं का वे त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा उन्होंने शासन स्तर पर निराकृत होने वाले समस्याओं के निराकरण हेतु भी उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें किसी भी स्थिति में बाल विवाह नही करने तथा इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत कमकापार के सरपंच खेम बाई पिस्दा ने आशा व्यक्त किया कि शिविर में कलेक्टर मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से कमकापार तथा अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने ग्राम कमकापार पंचायत एवं अंचल के प्रमुख मांगों एवं समस्याओं की ओर ध्यान आदृष्ट कराया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेटकर उनका गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों को नशापान की दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशापान से सर्वथा दूर रहने तथा अपने घर, परिवार, आसपास एवं जान पहचान के लोगों को भी नशा से दूर रखकर नशा उन्मूलन के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा जल संरक्षण के कार्यों के अंतर्गत पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या इससे अधिक के निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।





## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का होली मिलन व बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज, तहसील शाखा डौंडीलोहारा की मासिक बैठक 05 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक के साथ होली मिलन समारोह भी रखा गया है, जिसमें पेंशनर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। बैठक में बालोद जिला एवं रायपुर प्रांत स्तर पर हुई बैठकों की कार्यवाही पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जिला एवं तहसील डौंडीलोहारा की वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कराने तथा शेष सदस्यों से शुल्क पूर्ण कराने के संबंध में योजना बनाई जाएगी। गत माह का आय-व्यय विवरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रांत स्तर से पेंशनरों के लिए प्रकाशित की जाने वाली मासिक पत्रिका हेतु नए सदस्यों को जोड़ने पर भी विचार-विमर्श होगा। ऐसे पेंशनर जिनकी आयु 80 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, किंतु उन्हें निर्धारित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, वे बैठक में उपस्थित होकर आवश्यक प्रपत्र भर सकते हैं। इसके लिए पेन, आधार कार्ड, पी.पी.ओ. तथा बैंक खाते की प्रति साथ लाना अनिवार्य रहेगा। इसके अतिरिक्त नए पेंशनरों एवं माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित

**डोंगरगांव।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 27 फरवरी सुबह 7:30 बजे से रखी गई है। इसी प्रकार वनस्पतिशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 28 फरवरी को सुबह 9 बजे और प्राणिशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 2 मार्च को सुबह 9 बजे आयोजित होगी।

### शराब दुकान 4 को बंद रहेगी

**खड़गांव।** आबकारी विभाग के अधिकारी श्री देवांगन ने बताया कि वाणिज्यिक कर विभाग ने आगामी 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अंतर्गत 4 मार्च को शराब की बिक्री, परोसने और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, बार, अहाता 4 मार्च को बंद रहेंगे। इस दिन संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### महिला समूह ने शुरू किया दूध खरीदी

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में महिला समूह की श्वेत गंगा दुग्ध उत्पादन समिति ने गाय का दूध खरीदी करने का निर्णय लिया है। गुरूवार को सरपंच संतोष यदु के आतिथ्य में पूजा अर्चना एवं दूध तौल कर खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया गया। श्री यदु ने कहा कि समूह में महिला आत्मनिर्भर हो रही है तथा आय का स्त्रोत भी बढ़ रहा है। अब गांव सहित क्षेत्र के गौपालकों को गाय का दूध बेचने भटकना नहीं पड़ेगा।

**आस्था : बड़गांव में स्थित सिद्धपीठ दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में भक्तों की मुरादें होती हैं पूरी**

# श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बना आस्था का केंद्र, चमत्कारी प्रतिमा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु


हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बड़गांव के आम बगीचा आम वृक्षों की ठंडी छांव में स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, यहां स्थापित हनुमान लला की मूर्ति चमत्कारिक मानी जाती है। साढ़े छह फीट ऊंची हनुमान लला की सिद्ध प्रतिमा के समक्ष मांगी गई सभी मन्नतें निश्चित रूप से पूरी होती हैं।

### मंदिर का इतिहास

हनुमान मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया की ऐसी लोक मान्यता है कि अंचल में फैली जान श्रुति के अनुसार लगभग 120 वर्ष पूर्व डौंडी लोहारा के तत्कालीन नरेश लाल फतेह सिंह टेकाम को स्वप्न में हनुमान जी ने दर्शन दिए और कहा कि वह ग्राम पचपेड़ी में एक आम वृक्ष के नीचे पड़े हुए हैं , उक्त बातें नरेश ने अपने मित्र बड़गांव निवासी रामनारायण दुबे के समक्ष रखी , तत्पश्चात दोनों बैलगाड़ी में सवार होकर उक्त स्थल की खोज में निकल पडे तथा वहां पहुंचने पर स्वप्न की बात सच साबित हुई उन्होंने पूजा अर्चना के बाद मूर्ति को बैलगाड़ी में लादकर सम्मान के साथ लोहारा ले जाने के लिए निकले, जैसे ही वे ग्राम बड़गांव के आम बगीचा में पहुंचे बैलगाड़ी का पहिया ठोस जमीन में धस गया।

### मंदिर के सतत विकास में पूर्व संचालक और सदस्यों की रही महत्वपूर्ण भूमिका



पूर्व पुजारी शांतापूरी नागा बाबा हिमालय बरयानी 1998 में इस दुनिया से विदा हो गए , उनकी याद में उनकी समाधि स्थल का भी निर्माण ग्रामीणों ने करवाया है। इसी स्थल में पंडित एकत्र हो गुरु मंत्र का जाप करते थे जिसकी स्मृति में गुरु चौरा का निर्माण पंडितों द्वारा कराए जाने की बात कही गई है बाबा की मृत्यु उपरांत वर्तमान में हनुमान मंदिर विकास समिति एवं इसके सक्रिय सदस्य इस मंदिर के विकास एवं पूजा अर्चना में जुटे हुए है, उक्त मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्त दर्शन व आरती हेतु पहुंचकर हनुमान लला के समक्ष सर झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिवर्ष यहां चैत्र और क्वांर नवरात्रि के साथ साथ महाशिवरात्रि का मेला, रामनवमी, हनुमान



जयंती सहित, विभिन्न धार्मिक ,मनोरंजक व सामाजिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन होता है, साथ ही नवरात्रि में सामूहिक कन्या भोज और भंडारा, प्रसाद का भी आयोजन हनुमान मंदिर विकास समिति भक्तों और जन सहयोग से करती है। इस वर्ष भी ग्रामवासी और भक्तजनों के सहयोग से चैत्र नवरात्रि में प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष (बड़गांव सरपंच) सुरेश बढ़ई, ग्राम प्रमुख बेदलाल पटेल, जनपद सदस्य ज्ञानू राजपूत, संचालक युगल साहू, कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू , सचिव इगनाथ पटेल, सदस्य गण बल्लू प्रसाद दुबे, अशोक पटेल, बिसुन मराठे, रेखलाल भोसले, संत सहारे, कुमार निषाद , अशोक टंडन, योगेंद्र तिवारी,मंदिर पुजारी एवं सभी सक्रिय सदस्यों व ग्रामीणों ने आगामी चैत्र नवरात्रि में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को शामिल होने की बात कही है।

काफी प्रयत्न करने के बाद भी चक्का निकालने में सफल नहीं हुए, अतः प्रेरणा मिली की मूर्ति को इसी स्थल में ही दक्षिण दिशा की ओर स्थापित कर दिया जाए। जिसका पालन करते हुए नरेश ने मूर्ति को वहीं एक आम वृक्ष के नीचे स्थापित कर दिया। कुछ दिनों बाद श्रद्धालुओं व भक्तों को एहसास हुआ की मूर्ति की ऊंचाई और शरीर बढ़ता जा रहा है।

यही से हनुमान लला की चमत्कारी शक्ति का जोर-शोर से प्रचार प्रसार होने लगा कालांतर में संबलपुर के हमीर सेठ ने अपनी मन्नत पूरी होने पर मंदिर बनवाकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। मूर्ति की ऊंचाई बढ़ने से जब मंदिर छोटा पडने साथ ही मंदिर के जीर्ण शीर्ण होने से लगा तब श्री शांतापुरी नागा बाबा हिमालय बरियानि ने ग्रामवासियों व भक्तों के सहयोग से भव्य गुंबज नुमा मंदिर का निर्माण कराया। वर्तमान में यहां साढ़े छह पीठ ऊंची विशालकाय दक्षिण मुखी हनुमान जी की जो सिद्ध प्रतिमा स्थापित है ,वैसी विग्रह वाली प्रतिमा बिरले ही देखने को मिलती है, जहां हनुमान लला जी बाएं पैर से अहिरावण को रौंदते हुए दिखाई पड़ते है।

### मंदिर विकास के प्रमुख सहयोगी और मार्गदर्शक

मंदिर के विकास में प्रमुख सहयोगी रहे हिमालय बर्फानी स्वर्गीय शांतापुरी नागा बाबा की भी अलग कहानी व पहचान है, राजनांदगांव के बर्फानी बाबा के शिष्य बाबा हिमालय बरयानी कभी राजहरा स्थित राजाराव मंदिर में रहते थे ,उन्हें सपने में हनुमान मंदिर बड़गांव में बसने व सेवा करने का आदेश प्राप्त हुआ जिसके तहत नागा बाबा हिमालय बर्फानी बड़गांव स्थित हनुमान लला की शरण में पहुंचे व अपनी अंतिम सांस तक में इस मंदिर के विकास और भक्ति भाव से पूजा अर्चना में जुटे रहे, उनके अथक प्रयास व मार्गदर्शन से ज्योति कलश की स्थापना की परंपरा शुरू की गई ,जो आज पर्यंत चैत्र व क्वांर नवरात्रि में भक्त मनोकामना हेतु ज्योति कलश की स्थापना करते हैं। कोई भी भक्त मंदिर विकास समिति से संपर्क कर घी और तेल ज्योति की घट स्थापना करा सकते है,

### एक ही प्रांगण में विभिन्न मंदिरों का संचालन

मंदिर के संचालक युगल साहू ने बताया कि वर्तमान में इस मंदिर प्रांगण में साहू समाज द्वारा कृष्ण कर्मा माता मंदिर स्थापित है ,उसी प्रकार यादव समाज द्वारा राधा कृष्ण की मंदिर स्थापित है, मरार समाज द्वारा शाकंभरी मैया की मंदिर स्थापित है, साथ ही बया महारा समाज द्वारा विष्णु जी की मंदिर, हल्बा समाज द्वारा नवदुर्गा माता के मंदिर की स्थापना भी की गई है, सभी मंदिरों के निर्माण में हनुमान मंदिर विकास समिति का प्रमुख सहयोग रहा है।

## भगवान भोग के नहीं भाव के भूखे हैं : संत राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा





ग्राम ओटेबंद बगिचा में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा के षष्ठम दिवस पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म एवं उनकी दिव्य लीलाओं का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण हेतु हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

■ गुरु बिना ज्ञान और मोक्ष संभव नहीं – संत श्री राजीव

महाराज श्री ने कहा कि भगवान भोग के भूखे नहीं, वे तो केवल प्रेम के भूखे हैं जो सम्पूर्ण विश्व का पालन-पोषण करते हैं, वे भक्तों के प्रेम और निष्कपट भाव से ही प्रसन्न होते हैं। प्रभु को पाने के लिए गोपियों जैसी व्याकुल भक्ति और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना गुरु के नाम, पद, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। बाह्य शिक्षा तो सभी पा लेते हैं, किंतु यदि ज्ञान भक्ति में परिवर्तित नहीं होता तो वह अहंकार का कारण बन जाता है।

भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख, तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं।

षष्ठम दिवस पर संत श्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अद्भुत प्रसंग सुनाया। कंस के अत्याचार, कारागार में देवकी-वासुदेव की पीड़ा तथा मध्यरात्रि में अवतरित हुए भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा पंडाल में "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष गूंज उठे। संत श्री ने मैय्या यशोदा और बाल गोपाल की लीलाओं का सजीव चित्रण करते हुए माता-पिता के प्रति संतानों के कर्तव्य का बोध कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुत्र को श्रीराम और श्रीकृष्ण की भांति आज्ञाकारी होना चाहिए। वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज माता-पिता मिलकर बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन बड़े होने पर वही संतान सेवा से विमुख हो जाती है, जो गंभीर पाप का कारण है।

उन्होंने आगे कहा कि श्रीकृष्ण नाम स्वयं में एक मंत्र है। गीता जीवन का सार है और यदि किसी ने श्रीकृष्ण को समझ लिया तो उसने परमात्मा को समझ लिया।

कथा के अंत में कंस वध के उपरांत देवकी-वासुदेव की मुक्ति तथा रुक्मिणी-कृष्ण विवाह की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकी के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय उल्लास से झूम उठा। षष्ठम दिवस की कथा ने श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया कि श्रेष्ठ भक्ति, प्रेम और समर्पण से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव है।

## एलुमनी मीट में याद आए पुराने दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



स्थानीय पीएम श्री सेजेस के संस्था परिसर में बुधवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनी मीट 2026) का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया।

संस्था प्रमुख डी.आर. देवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व छात्र किसी भी विद्यालय की वास्तविक पहचान होते हैं और यह आयोजन विद्यालय तथा पूर्व विद्यार्थियों के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि शेख मलुल सिद्दकी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। विशिष्ट अतिथि सियाराम सार्वा ने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियां ही शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं। कार्यक्रम में चिमनलाल सुकतेल, उमानाथ मानकर, रोहित कुमार देवांगन सहित वरिष्ठ व्याख्याताओं एवं शाला विकास प्रबंधन समिति की सदस्य माया ठाकुर, माधुरी निषाद तथा बीरेंद्र निरोटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह के अंतर्गत पूर्व विद्यार्थियों के लिए रोचक खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मंजू ताम्रकार ने किया।

आयोजन की सफलता में क्षमानिधि देवांगन, किरण देवांगन, रोहिणी नायक, किरण ठाकुर एवं श्री एम.डी. साहू की विशेष भूमिका रही। अंत में पूर्व छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता एन.आर. देशमुख ने किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जिला प्रेस क्लब की अध्यक्ष बने संतोष साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद






जिला प्रेस क्लब बालोद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन के आगामी तीन वर्षों की दिशा, पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों और कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर विस्तार से मंथन किया गया। सर्वसम्मति से संतोष साहू को दूसरी बार अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि राहुल भूतड़ा को पुनः महासचिव चुना गया। वरिष्ठ पत्रकार हरबंस अरोरा विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि के रूप में बैठक में शामिल हुए। उन्होंने जिले में पत्रकार भवन निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए संगठन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में समाचार की अहमियत ही सबसे बड़ी होती है। बैठक में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और भिलाई प्रेस क्लब के अध्यक्ष व महासचिव को आमंत्रित सदस्य के रूप में जोड़ने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

■ बैठक में संगठन की नई दिशा पर मंथन

### ये रहे शामिल

इस दौरान मोहनदास मानिकपुरी, रवि भूतड़ा, मंजू शर्मा, विवेक वैष्णव, अरुण उपाध्याय, संजय दुबे, बलराम गुप्ता, अफजल रिजवी, सतीश रजक, शंकर साहू, संजय सोनी, फुरकान खान, नरेश श्रीवास्तव, किशोर साहू, विकास साहू, लक्ष्मीकांत बंसोड़, सुप्रीत शर्मा, जगन्नाथ साहू, देवेंद्र साहू, चिमन पटेल, राजेश साहू, अनीस राजपूत, आरके देवांगन, परसराम साहू, विकास जोशी, राजेश सोनी, राकेश द्विवेदी, जागेश्वर सिन्हा, करण सोनी, ऋषि सिन्हा सहित जिले के विभिन्न संस्थानों के संपादक और ब्यूरो चीफ उपस्थित थे।

## आत्मचिंतन से ही आत्मा का श्रृंगार संभव : स्नेहयशाश्रीजी मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा





नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में बुधवार को निपुणा शिशु प्रवचन प्रवीणा महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन का रथ यदि कहीं थमे तो प्रभु के द्वार पर थमे। प्रभु परमात्मा का वास्तविक धाम सिद्धशिला अर्थात मोक्ष स्थान है, अतः जीवन का लक्ष्य भी उसी दिशा में होना चाहिए।

■ 'मैं' नहीं, कर्तव्य भाव से करें कार्य – महासतीजी

महासतीजी ने कहा कि बाह्य साधनों से शरीर का श्रृंगार संभव है, किन्तु आत्मा का श्रृंगार सम्यक पुरुषार्थ और सम्यक ज्ञान से ही होता है। केवल शास्त्रों का रटना पर्याप्त नहीं, बल्कि सम्यक दृष्टि से युक्त ज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। मिथ्या दृष्टि से प्राप्त ज्ञान अज्ञान के समान है। मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने के लिए सम्यक ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने ज्ञान और आचरण का आत्ममंथन करने का आग्रह किया। प्रवचन में दया, विनम्रता और कर्तव्य भावना पर भी प्रकाश डाला गया। महासतीजी ने कहा कि अंतरंग दया से बड़े से बड़ा कार्य संभव हो जाता है। परदया वास्तव में स्वदया का ही विस्तार है, क्योंकि इससे आत्मगुणों की वृद्धि होती है। कार्य करते समय 'मैं' का भाव नहीं, बल्कि कर्तव्य भाव होना चाहिए। स्वयं को केवल निमित्त मानते हुए हर सफलता का श्रेय प्रभु कृपा को देना चाहिए। उन्होंने नगर के संघ समाज की एकता की सराहना करते हुए रजत ध्वजा महोत्सव की सफलता पर सभी को साधुवाद दिया और जिनशासन के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

प्रवचन उपरांत आभार सभा का आयोजन हुआ, जिसमें हस्तीमल सांखला, मिश्रीलाल चोपड़ा, विकास लोढ़ा, अनोप भंसाली, नरेंद्र भंसाली, शीतल पारख, आशा पारख एवं निशा लोढ़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संघ की एकजुटता को महोत्सव की सफलता का आधार बताया। दोपहर पश्चात महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा आदि ठाणा पांच का राजनांदगांव की ओर पदविहार हुआ। श्रद्धालुओं ने नगर सीमा तक साथ चलकर मंगल पाठ श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि साध्वी वृंद मुंबई चातुर्मास पूर्ण कर पदविहार करते हुए नगर पधारे थे तथा उनके सान्निध्य में रजत ध्वजा महोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। अब साध्वी वृंद का होली चातुर्मास राजनांदगांव संघ में संपन्न होगा।

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर साकिन आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता गजेन्द्र कुमार पिता मूलसिंह जाति हल्बा साकिन संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के मालिकाना हक व स्वामित्व में भूमि स्वामी हक की आबादी भूमि खसरा नं. 342/344 रकबा 1950 वर्ग फीट एवं सामिलात नाम पर कास्तकारी भूमि में अपने हिस्से की भूमि खसरा नं 51/1, रकबा 0.30 हे. ग्राम संबलपुर प.ह.नं. 36 रानिम संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि का पक्का सौदा कर के बतौर ब्याने के रूप मे बड़ी रकम विक्रेता को दिया जा चुका हैं। सौदाशुदा भूमि का केवल विक्रय विलेख के पंजीयन निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा ।

सो सूचना जाने ।

दिनांकः 26-02-2026

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ**
**ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव,**
**मो. 9424126898**

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर साकिन आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता नूतम लाल पिता राम्हू राम जाति गोंड साकिन संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के मालिकाना हक व स्वामित्व में भूमि स्वामी हक की कास्तकारी भूमि खसरा नं 29/5, 29/7, 135/9, 135/11, 305/11 305/12, 305/13 रकबा क्रमशः 0.09, 0.17, 0.11, 0.11, 0.08, 0.01, 0.06 हे. कुल खसरा नं. 07 कुल रकबा 0.64 हे. ग्राम संबलपुर प.ह.न. 36 रा.नि.म. संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि का पक्का सौदा कर के बतौर ब्याने के रूप मे बड़ी रकम विक्रेता को दिया जा चुका हैं। सौंदाशुदा भूमि का केवल विक्रय विलेख के पंजीयन निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा । सो सूचना जाने ।

दिनांकः 26-02-2026

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ**
**ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव,**
**मो. 9424126898**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म - अ**

**सार्वजनिक सूचना (नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश कुमार रावटे आ. स्व. श्री बालमुकुन्द रावटे, उम्र 28 वर्ष, जाति हल्बा, निवासी ग्राम छिन्दगांव (मरारटोला), तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद एवं आवेदिका याचना मानकर आ. श्री दिनेश्वर मानकर, उम्र 34 वर्ष, जाति हल्बा, निवासी ग्राम डौण्डी, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/03/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि - 09/03/2026

मुहर

**अपर कलेक्टर**
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रधानपाठक ने न्योता भोज कराया



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला डोंगितराई में नव पदस्थ प्रधानपाठक तामेश्वर प्रसाद कौशल ने शाला के सभी 93 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। बता दे कि तामेश्वर प्रसाद कौशल पूर्व में इसी स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और अब प्रधान पाठक के रूप में इसी स्कूल में पुनः पदस्थ हुए।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा देवार बस्ती, रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से देशी शराब रखकर बेचा जा रहा था। पुलिस दबिश देकर न्यू मार्केट देवार पारा, स्टेशन मरौदा, थाना नेवई निवासी विकाश तेलासी उर्फ अजीत को पकड़ा गया। आरोपी से के कब्जे से 26 पाव देशी मदिरा मसाला, 4 पाव प्लेन देशी मदिरा 5.400 बल्क लीटर बरामद किया गया। नगदी रकम 2920 रुपये जप्त किया है।

### नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्त में



**भिलाई।** नशे की दवा के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना भिलाई भट्ठी के सेक्टर 1 स्थित पंप हाउस के पास की है।भठ्ठी पुलिस ने बताया कि अल्प्राजोलम टेबलेट का परिवहन व बेचे जाने की शिकायत पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां से वार्ड 18, सेक्टर 3 भिलाई निवासी सागर सिंह राजपूत,वार्ड 6/एफ, सेक्टर 1 अतुल यादव को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट जब्त किया है। इसके अलावा एक दोपहिया वाहन भी बरामद किया। जब्त सामानों की कीमत 6.80 लाख रुपए आंकी गई है।

### 7 लाख की ठगी युवती समेत दो गिरफ्तार



**भिलाई।** रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाली युवती समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर कैम्प 1 निवासी सरोज पटेल ने बेटा पीयूष को नौकरी लगाने के लिए आरोपी प्रगति नगर पायल पांडे, सिद्धुमून उर्फ लाल पांडे को 7 लाख रुपए दिया था। समय बीतने के बाद भी पीयूष की नौकरी रेलवे में नहीं लग पाने से परेशान होकर छावनी पुलिस में शिकायत किया गया। जांच में पुलिस को पता जला कि आरोपी के रीवां मध्यप्रदेश में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम रवाना की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर छावनी लाया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने ठगी करना स्वीकार किया।

## बैठक : टीबी, मलेरिया उन्मूलन और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं शासन की प्राथमिकता समीक्षा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराना शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाकर बालोद जिले में सभी लोगों को सुगमता से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने विकासखण्डवार स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनसरोकारों से सीधा जुड़ा होता है। इसलिए स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुजांईश बिल्कुल भी नही होती है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लापरवाह अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मिश्रा ने जिले के अस्पतालों में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की भर्ती के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार हेतु उन्हें अनिवार्य रूप से पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु चलाए जा रहे मिशन गोद अभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार नवीन स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत जिले के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा परिवार नियोजन, टीबी एवं मलेरिया उन्मूलन, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाकर आम जनता को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पुख्ता

बैठक में मिश्रा ने जिला अस्पताल बालोद के अलावा जिले के सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव में कमी वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों से संस्थागत प्रसव की संख्या को बढ़ाने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गर्भवती माताओं एवं उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने टीकाकरण के कार्य की स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा की।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की नियुक्ति पर हर्ष



**गुरूर।** डॉ हरिकृष्ण गंजीर मोहारा को पुनः प्रदेश कार्य समिति भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर सदस्य व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद के संयोजक डॉ रोहित कुमार साहू, बेलौदी सहसंयोजक डॉ अभिषेक योगी बालोद एवं डॉ डामन लाल साहू डाडेसरा को नियुक्त किया गया। इन सभी को चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी बनाने पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जन सेवक बालोद राकेश यादव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पवन साहू, केसी पवार, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोना टुवानी, निशा योगी, यादव राम साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, जनपद जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, साहू समाज के पदाधिकारी एवं गायत्री परिवार के परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## सभापति ने किया तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद सभापति अश्वनी कटहरे ने ग्राम पंचायत बेलोदी मे चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया।

सभापति अश्वनी कटहरे ने उपस्थित मजदूरों को भारत सरकार की नई रोजगार गारंटी योजना वीबी जी राम जी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं रोजगार सहायक को कार्य में आए हुए मजदूरों के लिए उचित छाया व्यवस्था पेयजल व्यवस्था एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सही रखने का निर्देश दिए।

उपस्थित मजदूरों ने सरकार को नई रोजगार योजना में रोजगार दिवस को बढ़ाने एवं मजदूरी भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच कमलेश डडसेना, पंच कुमुदिनी साहू, सुनील साहू, ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के सर्वसमावेशी बजट से विकास को मिलेगी नई गति : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



■ राज्य बजट में पुरूर–गंगरेल मार्ग चौड़ीकरण शामिल, जनपद अध्यक्ष ने जताया हर्ष

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्षिक बजट में पुरूर, बोरिदखुर्द, सोरम, भटगांव, गंगरेल मार्ग के चौड़ीकरण को बजट मे सम्मिलित किए जाने पर जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

सुनीता संजय साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राज्य को ऊंचाइयों की ओर ले जाने वाली सर्व समावेशी बजट बताते हुए इस बजट की मुक्तकंठ से सराहना की है। सुनीता संजय साहू ने कहा इस मार्ग के बनने से क्षेत्र के आम जनता को गंगरेल बांध जाने के लिए एक मजबूत व सुगम मार्ग मिल जाएगा, इससे क्षेत्र के लोगों को गंगरेल बांध जाने के लिए एक कम दुरी तय करनी पड़ेगी। पुर्व मे धमतरी रुद्री होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। उन्होने बताया कि 11 करोड़ की लागत से पास हुए इस मार्ग के चौड़ीकरण से अब बड़े वाहनो को आने जाने में दिक्कते नही होंगी तथा मार्ग सुगम हो जाएगा।

उन्होने कहा कि यह बजट नगर ग्राम पंचायतों में बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं एवं स्वच्छता इत्यादि में सुधार की दिशा में अत्यंत निर्णायक होगा। इसी तरह राज्य सरकार के बजट में लखपति दीदी भ्रमण योजना के तहत 5 करोड़ रूपये की राशि के प्रावधान को भी जिले के महिलाओं ने राज्य के महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। इस योजना के माध्यम से बजट में समुचित राशि के प्रावधान होने से प्रदेश की महिलाएं, लखपति दीदियों एवं सफल उद्यमियों के कार्य प्रणाली तथा उनके सफल मॉडलों का अध्ययन हेतु एक्सपोजर विजिट कर सकेंगे। इसके साथ ही आज राज्य सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किए गए बजट के माध्यम से छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना में 5 करोड़ रूपये की राशि के प्रावधान से बालोद जिले के युवाओं में भी सर्वस्व हर्ष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किए गए बजट के माध्यम से सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। आज बालोद जिले को सायबर थाना की सौगात मिलने से सायबर अपराधों पर त्वरित व निर्णायक कार्यवाही होगी।

## सीईओ के निर्देश के बाद, गहरीकरण स्थल पर नहीं लगा सूचना बोर्ड

**गुरूर।** जिला पंचायत सीईओ के निरीक्षण एवं निर्देश के बाद भी विकासखण्ड में पंचायतो की मनमानी रूकने का नाम नही ले रही है। अब भी वे मनमाने तरीके से नियमो को ताक पर रखकर कार्य कर रहे है।

ताजा मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गंगोरीपार का है। यहां मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा है। कार्य को प्रारंभ हुए एक माह से अधिक हो गया है लेकिन अब तक यहां सूचना बोर्ड नही लग पाया है। बीते गुरूवार को जिला पंचायत सीईओ सुनील कुमार चन्द्रवंशी विकासखण्ड के दौरे पर थे इस दौरान उन्होने गंगोरीपार में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया था उस समय भी कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नही लगा था। जिला पंचायत सीईओ के निरीक्षण के एक सप्ताह बाद भी उक्त कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नही लिखा गया है। पंचायत की मनमानी यही नही थमती पंचायत ने उसी तालाब में पांच साल पूर्व हुए तालाब गहरीकरण कार्य में पांच साल पूर्व लगे सूचना बोर्ड की पोताई कर उसमें वर्तमान कार्य की जानकारी लिखने की तैयारी कर ली है जबकि पंचायत को नवीन कार्य के लिए नवीन बोर्ड बनाना चाहिए था।



■ मनरेगा कार्य में अनियमितता, गंगोरीपार पंचायत फिर विवादों में

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ संगठन सशक्त बनाने का किया आह्वान



पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और संगठन सृजन के तहत नये कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां निभाते हुए पार्टी को सक्रिय बनाने का आग्रह किया, जो पार्टी के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

इस दौरान दुर्गग्रामीण विधानसभा में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर विशेष चर्चा हुई। ताम्रध्वज साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। जनसेवा, संघर्ष और एकजुटता के माध्यम से संगठन लगातार मजबूत हो जनता के मुद्दों की आवाज प्रभावी रूप से उठाई जाये। इस अवसर जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारी गण रिवेन्द्र यादव, टिकेश्वरी लाल देशमुख,योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, उत्तरा कोसरे,प्रदीप चन्द्रकार, कृष्णा देवांगन,डॉ पिलेश्वर साहू,जामवंत गजपाल, घनश्याम गजपाल,रुपेश देशमुख,मुकुंद पारकर, बहादुर नेताम, राजेश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### दोपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई-दुर्ग से वर्ष 2024 में हुए दो पहिया वाहन चोरी की घटनाएं हो रही थी। गिरोह बीएसपी के मुख्य गेट स्थित दो पहिया पार्किंग और भिलाई भठ्ठी को निशाना बनाया जाता था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर आरोपी कुशालपुर, चंगोरा भाठा, जिला रायपुर निवासी ई पापा राव को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्वयं वाहन चोरी कर उन्हें जिला जशपुर में ले जाया करता था। जहां वाहनों को साथियों को देकर खपाता था। वाहनों को मनोज राम, एम. राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि समेत अन्य सहयोगियों के माध्यम से बेचता था। पुलिस जांच के दौरान 31 दोपहिया वाहन आरोपी से जब्त किया गया।

## अंडा के जनप्रतिनिधियों में किया विधानसभा भ्रमण

### विकास कार्यों में प्रभावशीलता लाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से विधानसभा भ्रमण पर गए। इस दौरान प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर के सौजन्य से जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, विधेयक पारित होने की प्रक्रिया तथा सदन की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

भ्रमण में सरपंच दिग्विजय सिंह, उपसरपंच यशवंत बंजारे, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पंचगण फत्ते चंद्राकर, गोपाल साहू, हेमेंद्र चौहान, डॉ. चेलक दास, हेमंत, चुमन, गोलू चंद्राकर, उत्तम देशमुख, सूरज निर्मलकर, सती गोस्वामी, अनुराधा साहू, लता चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सीता साहू, राकेश्वरी चंद्राकर एवं मधुरी साहू शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। अधिकारियों द्वारा उन्हें विधानसभा भवन के इतिहास, संरचना एवं विभिन्न विभागों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार का भ्रमण पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

सरपंच दिग्विजय सिंह ने बताया कि शासन की कार्यप्रणाली को समझकर ग्राम अंडा के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भ्रमण से प्राप्त अनुभव गांव के समग्र विकास में उपयोगी सिद्ध होंगे।

### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फरीद नगर डेरा बस्ती स्थित शासकीय स्कूल के पीछे झाड़ियों के पास गांजा बेचने ग्राहक की तलाश आरोपी कर रहा था। दबिश देकर पुलिस ने वार्ड 7 डेरा बस्ती निवासी प्रकाश धुर्वे को पकड़ा गया। आरोपी से पुलिस ने 1 किलो 140 ग्राम गांजा, बिक्री रकम जब्त किया गया। गांजा कीमत 55 हजार का है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## डाइट में हुआ पांच दिवसीय योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी, दुर्ग में पांच दिवसीय योग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। शिविर में बालोद एवं दुर्ग जिले के योग में रुचि रखने वाले शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। योग प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिदिन शुद्धिकरण क्रियाएं जैसे कुंजल क्रिया, जल नेति एवं सूत्र नेति का अभ्यास कराया गया।

इसके साथ ही यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, चंद्र नमस्कार तथा प्रज्ञायोग व्यायाम नियमित रूप से संपन्न हुए। प्रतिभागियों को खड़े होकर ताड़ासन, वृक्षासन, गरुड़ासन; बैठकर मंडूकासन, शशकासन; पेट के बल मकरासन, धनुरासन तथा पीठ के बल नौकासन, सर्वांगासन, हलासन और शवासन का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम सत्र में नाड़ी शोधन, कपालभाति, बाह्य प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने की कला भी सिखाई गई।

विकासखंड डौंडीलोहारा से बिसंभर बगमरिया, पीलू राम साहू, योगेन्द्र भुआर्य सहित कुल 10 योग शिक्षकों ने शिविर में सहभागिता की। प्रतिभागियों ने शिविर को अत्यंत लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

